हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

11 22197.10 क्विंटल पीआर धान की आवक



12 वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभा यात्रा



खबर संक्षेप

निमाणा में डीसी का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज



झज्जर। क्षेत्र के गांव निमाणा में मंगलवार को रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत डीसी वर्षा खांगवाल ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद करेंगी। गांव के मंदिर के साथ लगते हॉल में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें डीसी ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उनका समाधान करेंगी और आमजन से जुड़े विभागीय अधिकारियों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

परिवेदना समिति की बैठक पांच नवंबर को



झज्जर। आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आगामी पांच नवंबर को सुबह दस बजे लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता उद्योग एवं वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगे। सीटीएम ऋतु ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आमजन की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनहित से जुड़े मामलों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को परिवादों से संबंधित पूर्ण जानकारी के साथ भाग लेने के निर्देश दिए।

शहीद स्मारक व टी-55 टैंक का अनावरण 31 को

बहादुरगढ़। गांव नूना माजरा स्थित शहीदी पार्क में आगामी 31 अक्टूबर को शहीद स्मारक व वार ट्रॉफी टी-55 टैंक के अनावरण समारोह का सुबह सवा दस बजे आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल विनीत गौड़ मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में शहीद परिवारों को सम्मानित करने के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उड़ान सेवा समिति, नूना माजरा, लोवा खुर्द, देशलपुर गांव की पंचायतों व समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

प्रदूषण की समीर एप पर करें शिकायत

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि जिले में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन सजग है। उन्होंने कहा कि एनजीटी द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेप व्यवस्था लागू की है। इसकी पालना हर हाल में करनी होगी। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के लिए समीर एप शुरू किया गया है। कोई भी नागरिक ग्रेप प्रणाली की अवहेलना या अन्य गतिविधि जो पर्यावरण को दूषित कर रही हैं, उनकी शिकायत समीर एप पर की जा सकती है।

जाखौदा में 30 से होगी बास्केटबॉल चैंपियनशिप

बहादुरगढ़। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से 30 और 31 अक्टूबर को जाखौदा के राजकीय हाई स्कूल में सीनियर जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप होगी। साथ ही 30 अक्टूबर की शाम को हरियाणा सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल भी आयोजित किए जाएंगे। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन उपाध्यक्ष गौरव सांगवान के अनुसार जिला प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक या शहर से अधिकतम एक पुरुष और एक महिला टीम को भाग लेने की अनुमति होगी।

2 फैक्ट्रियों और एक गोदाम पर छापा, भारी संख्या में पटाखे व बारूद बरामद

सोलधा में पटाखों का अवैध कारोबार बेनकाब

- देर रात तक सामान की गणना करने में लगी रही टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के चलते पटाखों के निर्माण, बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध के बीच पुलिस ने सोमवार देर शाम गांव सोलधा में छापेमारी की। सीआईए और सदर थाना की संयुक्त टीमों ने 2 फैक्ट्री और एक गोदाम में दबिश देकर भारी संख्या में तैयार व अर्धनिर्मित पटाखे व बारूद सहित अन्य सामान बरामद किया। देर रात तक पुलिस टीम बरामद सामान की गिनती करने और फैक्ट्री मालिक की जानकारी जुटाने में लगी रही।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सोलधा में पटाखे बनाने के साथ भंडारण किया जा रहा है। इस पर पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान तीनों स्थानों पर पटाखों की बड़ी संख्या में पेटियां मिलीं। दिवाली पर इनकी बाजारों में सप्लाई की जानी थी। इससे पहले ही पुलिस ने छापा मार दिया। एक ही व्यक्ति की ये फैक्ट्रियां और गोदाम बताए जा रहे हैं। कब से यहां यह काम चल रहा है और कौन-कौन जुड़ा है, आदि जांच का विषय है। बरामद सामान की सही मात्रा और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की पुष्टि पुलिस की जांच के बाद ही होगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में फिलहाल जांच की जा रही है। नियमों के अनुसार एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

बता दें कि दीपावली के दौरान आतिशबाजी के कारण दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर तक पहुंच जाता है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने अवैध रूप से पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है



बहादुरगढ़। अवैध पटाखों के गोदाम में जांच करती पुलिस।

त्योहारों के चलते मिलावट को लेकर प्रशासन सख्त, लगातार कार्रवाई जारी

फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने किया दुकानों का निरीक्षण, सात सैंपल भरे

- खोया बर्फी के दो तथा मक्खन, मिल्क केक, दाल, सोन पपड़ी व बेसन के लड्डू के एक-एक सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा त्योहारों को देखते हुए मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी है। अधिकारियों की टीम ने सोमवार को झज्जर शहर व दादरी तोए गांव में खाद्य सामग्री बेचने वाली विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम द्वारा विभिन्न दुकानों से सात खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए।

फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा एकत्रित किए गए सैंपल में खोया बर्फी के दो तथा मक्खन, मिल्क केक, दाल, सोन पपड़ी व बेसन के लड्डू के एक-एक सैंपल लिए गए हैं। टीम में डाटा एंट्री ऑपरेटर मंदीप और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनोज शामिल रहे।



झज्जर। दुकान में सैंपल एकत्रित करते हुए टीम सदस्य।

दिवाली पर घर-दफ्तर तो चमका रहे, महापुरुषों के स्मारकों का ध्यान नहीं

सुभाषचंद्र बोस स्मारक झेल रहा बदहाली बाउंड्री के पिलर व पाइप टूटे, सफाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नेता जी हमें खेद है...



झज्जर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक के पास लगे कूड़े के ढेर व टूटे पड़े पिलर, जिसकी ओर प्रशासन का ध्यान नहीं है।

शहर की पुरानी तहसील परिसर के नुक्कड़ पर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक की हालत इन दिनों बदहाल है। महान स्वतंत्रता सेनानी की स्मृति में स्थापित इस स्मारक परिसर में जहां साफ-सफाई का अभाव है, वहीं इसकी सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्री भी धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रही है। स्मारक के मुख्य द्वार के एक तरफ दीवार पर लगे पिलर व पाइप टूटे हुए हैं। यहां से दो पाइप गायब हैं, जबकि एक अन्य पाइप क्षतिग्रस्त हालत में परिसर में ही पड़ा है। स्थानीय लोगों ने पाइप चोरी होने की आशंका भी जताई है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने जिला प्रशासन व नगर परिषद से स्मारक परिसर की साफ-सफाई करवाने, क्षतिग्रस्त बाउंड्री की मरम्मत कराने, गायब पाइपों के मामले की जांच करने तथा नियमित सफाई कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि देश के महापुरुषों के सम्मान में स्थापित स्मारकों की देखभाल करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे स्थलों को उपेक्षा के बजाय सम्मान और स्वच्छता का प्रतीक बनाया जाना चाहिए।

स्मारक के बाहर ही डाल रहे कूड़ा

श्रीभगवान मोरे का कहना है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक का उचित रखरखाव होना चाहिए। परिसर के बाहर ही डंपिंग प्वाइंट बना हुआ है, जहां लोग कूड़ा डालकर चले जाते हैं।

विशेष अवसरों पर ही होती है सफाई

ढुकानदार राजेश पाटेकर के अनुसार विशेष अवसर पर ही यहां सफाई होती है। शहीदी दिवस पर एक संस्था के सदस्यों ने पहल की थी। कई बार नप अधिकारियों को शिकायत की है।

पाइप गायब होना चिंता का विषय

बलराज सिंघल का कहना है कि स्मारक की बाउंड्री के पिलर व पाइप टूटे हैं व दो पाइप गायब हैं। प्रशासन को मरम्मत व जांच करवानी चाहिए।

सुसाइड नोट में सरपंच समेत अन्य पर आरोप

बच्ची से अनैतिक कार्य का केस दर्ज होने के अगले दिन अधेड़ का शव रेलवे ट्रक पर मिला

- 55 वर्षीय अधेड़ पर पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ था केस, अभी नहीं हुई थी गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर एक व्यक्ति का शव मिला। व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। मृतक व्यक्ति पर बीती रात को ही पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। जीआरपी बहादुरगढ़ ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे की है। किसी की नजर शव पर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर जीआरपी बहादुरगढ़ टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रयासों के बाद मृतक की पहचान हो गई। करीब 55 साल का यह अधेड़ व्यक्ति जिले के ही एक गांव का निवासी था। जानकारी के मुताबिक, मृतक के पास से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसमें गांव के पूर्व सरपंच सहित अन्य लोगों पर गंभीर आरोप हैं। हालांकि सोमवार शाम तक मृतक के परिवार के बयान दर्ज नहीं हो सके थे।

जीआरपी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद आगामी कार्रवाई होगी। बता दें कि मृतक पर करीब आठ वर्षीय बच्ची के साथ अनैतिक गतिविधि करने का आरोप है। इस संबंध में रविवार की रात को पोक्सो के तहत केस दर्ज हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इससे पहले ही उसका शव बरामद हुआ है और सुसाइड की बात सामने आई है।

ट्रैक्टर व कार की टक्कर में घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

झज्जर। गांव दूबलधन के नजदीक हुई ट्रैक्टर व कार की टक्कर में कार सवार घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान गांव दूबलधन निवासी करीब 47 वर्षीय सनेप सिंह पुत्र बनी सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में दूबलधन गांव निवासी जयबीर ने बताया कि बीती 19 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े बजे उसे छोटे भाई सनेप सिंह की तबीयत खराब हो गई तो वह गांव के ही एक युवक की कार से उसे उपचार के लिए गांव के सीएचसी ले जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते उनकी कार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें सनेप को गंभीर चोटें आई थीं।

नूना माजरा में चंदे से बनाएंगे महिला खेल स्टेडियम

- सरपंच व मौजिज लोगों ने नींव रखी, सरकार से भी सहयोग की मांग करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नूना माजरा में महिला खिलाड़ियों को खेल अभ्यास के लिए बेहतर और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहीद राजेश जून महिला खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। करीब ढाई एकड़ में बनने वाला यह स्टेडियम मौजूदा शहीद राजेश जून स्टेडियम के पास तैयार किया जाएगा। सरपंच जयभगवान की मौजूदगी में गांव के बुजुर्गों और मौजिज लोगों ने रविवार को स्टेडियम की नींव रखी।

स्टेडियम का निर्माण ग्रामीण आपसी सहयोग से चंदा एकत्रित करके करवाएंगे। इसके साथ ही सरकार और प्रशासन से भी आर्थिक सहायता लेने के प्रयास किए जाएंगे। सरपंच जयभगवान ने बताया कि सांसद की ओर से भी ग्रांट देने की सहमति मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेटियां खेलों में प्रतिभाशाली हैं। उनके लिए सुरक्षित माहौल में अभ्यास की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिला खेल स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया है। खेलों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलने से बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर चौधरी अजीत सिंह जून, चौधरी भूप सिंह जून, चौधरी दलेल नंबरदार, कैप्टन रामहेर जून, ओमप्रकाश जून, मंगलराम, पंडित दलजीत, राजे प्रजापत सहित अन्य मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। स्टेडियम की नींव रखने के अवसर पर मौजूद ग्रामीण।

अंकित का एडीए में चयन

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। शहर के निवासी अंकित ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की सहायक जिला न्यायवादी (एडीए) परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की है। बिना किसी कानूनी पृष्ठभूमि वाले परिवार से आने वाले अंकित का अगला लक्ष्य न्यायाधीश बनना है। अंकित मूलतः गांव भैणी चंद्रपाल से हैं। वर्ष 2010 से बहादुरगढ़ की लाइनपार क्षेत्र की गली नंबर-7 में परिवार सहित रहे रहे हैं। अंकित ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से बीए एलएलबी और आपराधिक विधि में एलएलएम की पढ़ाई पूरी की। वह अपने परिवार के पहले अधिवक्ता हैं। अंकित की सफलता में उनके पिता राजबीर सिंह और माता राजपति देवी का अहम योगदान रहा। अंकित को लेखन, बांसुरी वादन और रेखाचित्र बनाने में भी रुचि है। उनकी बहनें मेनका और प्रियंका भी उनकी उपलब्धि से खुश हैं। अंकित की सफलता से परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल है।



- लाइनपार निवासी अंकित ने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की

बहादुरगढ़ की हवा में सुधार, एक्यूआई घटकर 162 पहुंचा

बहादुरगढ़। शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में लगातार दूसरे दिन सुधार दर्ज किया गया। सोमवार को बहादुरगढ़ का एक्यूआई 162 रिकॉर्ड किया गया, जबकि रविवार को यह 175 और शनिवार को 177 दर्ज हुआ था। हालांकि, प्रदूषण के स्तर में उतार-चढ़ाव जारी है, लेकिन सोमवार को एक्यूआई में आई गिरावट से हवा की गुणवत्ता में सुधार के संकेत मिले हैं।

पिछले तीन दिनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो शनिवार को शहर का एक्यूआई 177 था, जो रविवार को घटकर 175 तक पहुंच गया। इसके बाद सोमवार को इसमें 7 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 162 पर आ गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक का यह स्तर मध्यम श्रेणी में आता है। ऐसे में हवा की गुणवत्ता पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती। विशेष रूप से सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को प्रदूषण के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं, सोमवार को शहर के तापमान में भी मौसमी बदलाव देखने को मिला। दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। वहीं, दोपहर के समय तापमान अपेक्षाकृत अधिक रहने से मौसम में गर्माहट बनी हुई है।

आस्था **आयुष विभाग के सीनियर डॉक्टरों की टीम की देखरेख में हुआ कार्यक्रम**

जटेला धाम में शरद पूर्णिमा पर हजारों भक्तों में बांटी औषधियुक्त खीर

- महंत राजेंद्र दास महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

तपोभूमि जटेला धाम माजरा दूबलधन में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत करीब तीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं में औषधियुक्त खीर का विरतण किया गया। जटेला धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला रविवार सुबह से ही शुरू हो गया जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में साध-संगत को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हुए महंत राजेंद्र दास ने कहा कि मनुष्य के जीवन में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। गुरु अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने जीवन में सदाचार, सेवा, संयम और आध्यात्मिकता को अपनाकर जीवन को सार्थक बना सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, कर्म, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना भी है।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में दमा, नजला एवं खांसी से राहत पाने वाले मरीजों को मध्य रात्रि के उपरांत आयुष विभाग के सीनियर डॉक्टरों की टीम की देख-रेख में औषधीय खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बादली विधायक कुलदीप वत्स भी मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने स्वामी नित्तानंद महाराज की पूजा अर्चना की व महंत राजेंद्र दास से आशीर्वाद लिया।



झज्जर। श्रद्धालुओं में औषधीय खीर का वितरण करते हुए महंत राजेंद्र दास।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
10
सहेली
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।





जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।


परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है।

करवा चौथ के दिन पत्नियां अपने पति के मंगलमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मनोविज्ञानी अध्ययन बताते हैं कि उपवास से सकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं, इससे पति-पत्नी के बीच आपसी जुड़ाव और समर्पण बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

करवा चौथ उपवास में निहित कई गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू

शोध
अंजू जैन



मनोविज्ञान में लॉ ऑफ अट्रैक्शन और 'प्रार्थना की शक्ति' पर कई शोध हुए हैं। करवा चौथ के दिन जब एक पत्नी पूरे मन से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है, तो वह ब्रह्मांड में अत्यधिक शक्तिशाली सकारात्मक तरंगें भेजती है। किसी के लिए निरंतर शुभ सोचने से आपके मस्तिष्क से ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। यह सकारात्मक माहौल पति के मानसिक तनाव को कम करता है। तनाव मुक्त रहने से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का खतरा कम होता है, जो सीधे तौर पर लंबी उम्र से जुड़ा है।

'ऑक्सीटोसिन' का स्राव और रिश्तों में जुड़ावः करवा चौथ के दिन पति-पत्नी के बीच का प्रेम और आकर्षण अपने चरम पर होता है। पति अपनी पत्नी को उपहार देता है, उसकी देखभाल करता है। पत्नी भी अपने पति के प्रति पूरी तरह समर्पित होती है। इस तरह के भावनात्मक जुड़ाव से शरीर में 'ऑक्सीटोसिन'(जिसे लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन भी कहा जाता है) का स्तर तेजी से बढ़ता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, जिन पुरुषों का वैवाहिक जीवन सुखी होता है, जिन्हें अपनी पत्नी का भरपूर स्नेह मिलता है, उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से मरने का खतरा 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

सामूहिक अवचेतन की शक्तिः करवा चौथ के दिन महिलाएं एक साथ इकट्ठा होकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं और थाली बंटाती हैं। मनोविज्ञान में इसे 'सामूहिक अवचेतन' या सामूहिक ऊर्जा कहा जाता है। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक ही समय पर, एक ही उद्देश्य (पति की लंबी उम्र) के लिए एक जैसी सकारात्मक भावना के साथ इकट्ठा होते हैं, तो एक शक्तिशाली 'एनर्जी फील्ड' तैयार होता है। यह सामूहिक उत्सव महिलाओं के मानसिक तनाव को दूर करता है। एक खुशहाल और तनावमुक्त पत्नी ही एक पुरुष को घर में शांतिपूर्ण माहौल दे सकती है।

कृतज्ञता की भावनाः करवा चौथ का त्योहार मूल रूप से एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। पत्नी-पति की सुरक्षा के लिए व्रत करती है और पति-पत्नी के इस त्याग का सम्मान करते हुए उसे उपहार और जीवन भर साथ निभाने का वचन देता है 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जो जोड़े एक-दूसरे के प्रति नियमित रूप से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उनका रिश्ता अधिक टिकाऊ और मजबूत होता है।

सहानुभूति और पारस्परिक समझः करवा चौथ केवल एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि यह आने वाले पूरे साल के लिए आपसी समझ की नींव रखता है। आधुनिक युग में कई पति भी अपनी पत्नियों के साथ इस व्रत को रखते हैं। जब दो लोग एक साथ किसी कठिन लक्ष्य (जैसे उपवास) को साझा करते हैं, तो उनके बीच सहानुभूति और 'मिररिंग इफेक्ट' पैदा होता है। यह साझा प्रयास आपसी मतभेदों और झगड़ों को समाप्त करता है।

चंद्र दर्शन और मानसिक शांतिः करवा चौथ के व्रत का समापन रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का चेहरा देखकर होता है। यह पूरी प्रक्रिया प्रकृति से सीधे जुड़ाव को दर्शाती है। चंद्रमा की किरणें शीतलता और शांति का प्रतीक हैं। रात के समय खुले आसमान के नीचे प्रकृति के संपर्क में आने से मन शांत होता है। छलनी के माध्यम से देखना और दीप जलाना एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे पति-पत्नी दोनों का तंत्रिका तंत्र शांत और संतुलित होता है।


मेकअप
निधि गोयल

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा।

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

प्रस्तुतिः विनीता

खबर संक्षेप




झज्जर। अभिभावकों की नेत्रजांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों व अभिभावकों ने कराई नेत्र जांच

झज्जर। सनराइज हाई स्कूल में डीजी स्वास्थ्य संस्था द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था की चिकित्सकीय टीम ने विद्यार्थियों की नेत्रजांच करते हुए जरुरतमंद विद्यार्थियों को दवाइयां व चश्मे भी वितरित किए। टीम सदस्यों द्वारा विद्यालय पहुंचे अभिभावकों व अन्य लोगों की नेत्रजांच करते हुए उन्हें उचित परामर्श व दवाएं प्रदान की। विद्यालय के निदेशक रवि यादव ने संस्था सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सकों द्वारा शिविर में पहुंचने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों व अन्य लोगों की नेत्र जांच की। जिसके बाद वे संतुष्ट दिखाए दिए। विद्यालय की ओर से टीम सदस्यों का आभार जताया।

रिटायर्ड प्रिंसिपल के निधन पर शोक

बहादुरगढ़। जसौर खेड़ी निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह देशवाल ने रविवार को उनके सेक्टर-2 स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। करीब 80 वर्षीय महेंद्र सिंह देशवाल कबड्डी के बेहतरीन खिलाड़ी होने के साथ ही वे हनुमान अखाड़ा में युवाओं को कुश्ती के दांव पेंच सिखाते थे। कुश्ती में पदक जीतने के बाद उन्होंने दिल्ली में शिक्षक के रूप में सेवा शुरू की। वे प्रधानाचार्य के रूप में सेवानिवृत्त हुए। इसके उपरांत उन्होंने नेहरू पार्क में हनुमान मंदिर व धर्मशाला स्थापित करने में अहम योगदान दिया।



बाजरे की फसल के लिए अभी तक 11268 किसानों के गेट पास काटे

मंडी में अब तक 22197.10 क्विंटल पीआर धान की आवक, नहीं हुई खरीद

सोमवार को दस हजार क्विंटल धान की प्राइवेट खरीद की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। अनाजमंडी में फसल पैकिंग में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

जिले की अनाज मंडियों में धान व बाजरे की आवक निरंतर जारी है। बाजरे की फसल के लिए अभी तक 11268 किसानों के गेट पास काटे गए हैं, जिनसे 348096.10 क्विंटल बाजरे की आवक दर्ज की गई। इसके अलावा अब तक 383 किसानों से 22197.10 क्विंटल पीआर धान की आवक भी हो चुकी है जिसे अभी खरीदा नहीं गया है। स्थानीय अनाजमंडी में अब तक करीब 1 लाख 20 हजार 420 क्विंटल बाजरे की फसल खरीद हो चुकी है। इसमें से करीब 74 हजार क्विंटल बाजरे का उठान भी हो चुका है। सोमवार को करीब दस हजार क्विंटल धान की प्राइवेट खरीद की गई। यहां 1509 व 1692 किस्म का मशीन का धान 4100 से 4200 रुपये प्रति क्विंटल तक तथा हाथ से निकाला गया धान 4300 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल तक खरीदा गया। इसके अलावा 1121 किस्म का धान भाव 5350 रुपये प्रति क्विंटल रहा जबकि 1718 किस्म का धान 4600 से 4730 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया।



झज्जर। अनाज मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष महेश चौहान। फोटो : हरिभूमि

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चौहान ने मंडी का किया निरीक्षण

झज्जर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष महेश चौहान ने सोमवार को स्थानीय अनाज मंडी का निरीक्षण कर फसल खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किसानों और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाए और खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को फसल की समय पर तुलाई, उठान और भुगतान सुनिश्चित करने के साथ पर्याप्त बारदाना, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े और पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित होनी चाहिए।

■ फसल खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बहादुरगढ़। उद्घाटन के बाद जिम में एक्सरसाइज करते सांसद धर्मबीर सिंह।

सांसद धर्मबीर ने किया जिम का उद्घाटन

बहादुरगढ़। हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के प्रधान एवं सांसद धर्मबीर सिंह ने एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में नवनिर्मित जिम का उद्घाटन किया। एकेडमी के तैराकों के साथ आमजन को भी व्यायाम करने और अपनी फिटनेस बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। सांसद धर्मबीर सिंह ने जिम में स्थापित आधुनिक मशीनों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने लोगों को नियमित कसरत करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए शारीरिक फिटनेस बेहद जरूरी है। नियमित व्यायाम से खिलाड़ी अपनी ताकत और क्षमता को बढ़ा सकते हैं। हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव एवं हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि एकेडमी में तरणताल, जिम और फिजियोथेरेपी सेंटर की सुविधा उपलब्ध होने से खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर प्रशिक्षण, फिटनेस और रिकवरी की बेहतर सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर सुनील खत्री, अनिल ढुल, बलवान कादयान, सत्यनारायण शर्मा, हनुमान, कोच साईं जाधव, पद्मपाल शर्मा, विशाल, निकिता, अभिषेक व बलवान कादयान भी मौजूद रहे।

उज्ज्वल भविष्य के लिए सशक्त शिक्षक व सकारात्मक कक्षा जरूरी

■ त्रिवेणी मेमोरियल स्कूल में आयोजित किया गया कक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यशाला के उपरांत आरती राणा के साथ स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण कौशल को सशक्त बनाने के लिए कक्षा प्रबंधन विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन अनुभवी शिक्षाविद् एवं करियर काउंसलर आरती राणा ने किया।

लॉस एंजिल्स की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक्सटेंशन कार्यक्रम से करियर गाइडेंस काउंसलिंग का प्रशिक्षण प्राप्त आरती राणा गूगल से साइबर सुरक्षा एवं कैनवा डिजाइन स्कूल से शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। आरती राणा ने बताया कि प्रभावी कक्षा प्रबंधन केवल अनुशासन बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। ताकि विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित एवं सीखने के लिए प्रेरित महसूस करे। कार्यशाला में शिक्षण उद्देश्यों के निर्धारण, विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता, सकारात्मक संवाद, प्रभावी शिक्षण रणनीतियों तथा कक्षा में आने वाली विभिन्न चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को विद्यार्थियों के व्यवहार के पीछे छिपे कारणों को समझने तथा दंडात्मक दृष्टिकोण के स्थान पर सकारात्मक मार्गदर्शन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तनावपूर्ण परिस्थितियों में संयमित व्यवहार, शांत स्वर एवं प्रभावी संवाद के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा ने कहा कि बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं प्रभावी कक्षा प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक, व्यवस्थित एवं परिणामदायी बनाया जा सकता है। प्रधानाचार्या सुमित्रा महला ने कहा कि सकारात्मक कक्षा वातावरण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सहयोग, आत्मअनुशासन एवं सीखने के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक होता है।


पशु चारे में मिलावट की आशंका, वैज्ञानिक जांच की मांग

झज्जर। पशु चारे में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए अब पशुधन और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक जांच की मांग उठी है। एक जागरूक नागरिक ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर रोहतक सहित आसपास की मंडियों में बिक रहे पशु चारे के नमूने मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सांपला, झज्जर और फर्रुखनगर की मंडियों में बिकने वाले पशु चारे में तरबूज के छिलके के इस्तेमाल की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह सामग्री 12 से 14 रुपये प्रति किलो में मिलती है, जबकि चारे के रूप में 31 से 40 रुपये प्रति किलो तक बेची जाती है।



मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन की जानकारी दी

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में सोमवार को प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस अमंग स्टूडेंट्स एंड टीचर्स विषय पर इन-हाउस सीबीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन डिंपी आहूजा ने शिक्षकों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण के महत्व बारे जानकारी दी। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने कहा कि शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए। विद्यालय प्राचार्य बसंत भारद्वाज ने रिसोर्स पर्सन एवं सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को शिक्षण कार्य में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



शिक्षिकाओं ने लिया डांडिया नृत्य का आनंद

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में शिक्षकों के लिए डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर बबीता कादियान, प्रिंसिपल ममता तथा एचओडी श्रुति की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यालय में आपसी सौहार्द, सहयोग और एकता की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण संगीत, नृत्य और उल्लास से सराबोर रहा। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे शिक्षकों ने डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बनाया।



तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

बहादुरगढ़। बादली रोड स्थित एक कॉलोनी के निवासी युवक की मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने से मौत की आशंका जताई जा रही है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सचिन काफी समय से बीमार चल रहा था। सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों के बयान पर पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

बामड़ोली स्थित शिव मंदिर में हुआ धार्मिक अनुष्ठान

बहादुरगढ़। गांव बामड़ोली स्थित शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे का आयोजन हुआ। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राम अहलावत ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अराधना की और भंडारे में सेवा की। साथ ही इंद्रवेश महाराज से आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में काफी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने कहा कि भंडारे जैसे कार्यक्रम हमारी प्राचीन सभ्यता और समाज का अहम हिस्सा हैं।





झज्जर। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मंच पर उपस्थित अतिथि। फोटो : हरिभूमि

गंगा इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इन्नोस्ट नैनो शुरू

झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना और मेटासाइटेक सोसाइटी रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इन्नोस्ट नैनो की शुरुआत की गई। सम्मेलन में नैनोमटेरियल्स, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित अनुसंधान एवं नवाचार पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला नई दिल्ली के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. भानु प्रताप सिंह, विशिष्टातिथि के रूप में जेएनयू के प्रोफेसर मनीष के कश्यप तथा विशेषातिथि के रूप में जनता कॉलेज चरखी दादरी के प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने शिरकत की। निदेशक एवं संरक्षक प्रोफेसर अमन अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में देश-विदेश से 606 संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों एवं आमंत्रित वक्ताओं तथा 289 विद्यार्थियों सहित कुल 895 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन एवं मुख्य संरक्षक डॉक्टर सुशील गुप्ता, वाइस चेयरमैन एवं कार्यकारी संरक्षक भारत गुप्ता, सम्मेलन संयोजक एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष इंजीनियर विवेक खोखर, सह-संयोजक एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंकिता सैनी तथा आयोजन सचिव एवं मेटासाइटेक सोसाइटी हरियाणा की महासचिव डॉ. अमृता हुड्डा ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रशिक्षकों ने सहज एवं सरल भाषा में बताई विज्ञान विषय की बारीकियां

झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में सीबीपी की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापकों ने सेकेंडरी स्तर पर विज्ञान विषय के विभिन्न पहलुओं की गहनतम जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में अनुभवी प्रशिक्षकों कुशल पाल सिंह यादव और राकेश कुमार ने अध्यापकों को बड़ी ही सरल, व सहज भाषा में विषय की बारीकियों को समझाया। उन्होंने बताया कि अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से विषय वस्तु को रोचक एवं व्यावहारिक ढंग से बच्चों के सामने प्रस्तुत करें ताकि प्रत्येक विद्यार्थी की समझ में आ सके। कार्यशाला के दौरान अनेक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने इसे रोचक व प्रभावशाली बनाए रखा। एच डी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों की विषयगत दक्षता को बढ़ाना तथा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाना है। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया एवं सचिव विशाल नेहरा ने भी कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अध्यापकों के लिए नवाचार, तकनीक और सक्रियता का रूप बताया।



झज्जर। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अध्यापक व प्रशिक्षक।



बहादुरगढ़। पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल के साथ दोनों टीमों के खिलाड़ी व कोच। फोटो : हरिभूमि

मेहंदीपुर डाबोदा में अंडर 17 फुटबॉल लीग शुरू

बहादुरगढ़। गांव मेहंदीपुर डाबोदा में अंडर-17 ब्वॉयज फुटबॉल लीग का आगाज हो गया। लीग के पहले दिन 2 मुकाबले खेले गए। एक मुकाबला बराबरी पर रहा तो दूसरे में दुल्हेड़ा ने जीत दर्ज की। अगले 2 महीने तक चलने वाली इस लीग में रविवार सहित हर अवकाश के दिन मुकाबले होंगे।

प्रतिभाओं को निखारने के लिए मेरा गांव मेरा देश संस्था की ओर से यह लीग कराई जा रही है। दस टीमें इस लीग में भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल, प्रधान विजय मलिक, संदीप, संजू व जगदीप आदि ने लीग की शुरुआत कराई। पहला मुकाबला लोवा खुर्द और दुल्हेड़ा के बीच खेला गया। इस मुकाबले में दुल्हेड़ा ने शानदार खेल दिखाते हुए 2-0 के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में बुपनिया व भापड़ोदा की टीमें आमने सामने हुई। यह मैच 1-1 से ड्रा रहा। कोच मनेको, प्रीतम, प्रदीप जून व साहिल की देखरेख में मुकाबले हुए। कोच प्रदीप दलाल ने बताया कि प्रतिभाओं को निखारने के लिए यह लीग कराई जा रही है। अगले दो महीने तक यह लीग चलेगी। हर रविवार या अवकाश के दिन मुकाबले होंगे।

महंगाई की मार से खरीदारी में आई कमी, दुकानदारों को त्योहार पर कारोबार बढ़ने की उम्मीद

करवाचौथ पर बाजारों में रौनक, ऑनलाइन शॉपिंग ने बिगाड़े कारोबारियों के समीकरण

पहले महिलाएं त्योहार पर जमकर खरीदारी करती थीं, लेकिन अब बाजार में ग्राहकों की संख्या पहले की अपेक्षा कम दिखाई दे रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। बाजार में दुकान पर खरीददारी करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

करवाचौथ के त्योहार को लेकर बाजार सजने लगे हैं। बाजार में जगह-जगह करवाचौथ से संबंधित सामान की दुकानें और स्टॉल सजी दिखाई देती है। सौंदर्य प्रसाधन, मिष्ठान भंडारों और आभूषणों की दुकानों पर महिला ग्राहकों की भीड़ दिखाई देने लगी है। हालांकि, दुकानदारों का कहना है कि त्योहारों पर अब पहले जैसी रौनक और खरीदारी देखने को नहीं मिल रही है। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन और महंगाई ने बाजार के कारोबार को प्रभावित किया है।

दुकानदारों के अनुसार, पहले करवाचौथ और दीपावली की खरीददारी त्योहार से करीब पखवाड़ा भर पहले शुरू हो जाती थी। त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ती थी, लेकिन अब खरीदारी कुछ दिनों तक ही सीमित होकर रह गई है। ग्राहक भी जरूरत और बजट को ध्यान में रखकर खर्च कर रहे हैं। ऑनलाइन खरीदारी का चलन अब शहरों के साथ-साथ गांवों तक पहुंच गया है, जिससे स्थानीय दुकानदारों के सामने प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। दुकानदार कुलदीप सिंगला ने बताया कि महिलाएं करवाचौथ की स्पेशल थाली, छलनी, मिट्टी और खांड से बने करवों सहित सौंदर्य प्रसाधन का सामान खरीद रही हैं।

इसके बावजूद बिक्री में पहले जैसी तेजी नहीं है। महिला दुकानदार मीना देवी ने बताया कि उनकी कॉस्मेटिक और वस्त्रों की दुकान है। उन्होंने करवाचौथ के लिए करीब चालीस हजार रुपये का सामान मंगवाया है। ऑनलाइन खरीददारी के बढ़ते चलन के कारण उन्हें त्योहार तक लागत निकलने की भी चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं त्योहार पर जमकर खरीदारी करती थीं, लेकिन अब बाजार में ग्राहकों की संख्या पहले की अपेक्षा कम दिखाई दे रही है। उन्हें उम्मीद है त्योहार तक बिक्री और बढ़ेगी।

कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़

नोटिस आम जनता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लक्ष्मी पत्नी स्व. मान सिंह (पुत्रवधु), धर्मबीर (पौत्र), कर्मबीर (पौत्र), दिनेश (पौत्र), आरती (पौत्री) पुत्रान एवं पुत्रियान स्व. मान सिंह, रविंद्र सैनी (पौत्र), राजेंद्र सैनी (पौत्र) पुत्रान स्व. जयभगवान, ओमवती (पुत्री), निहाली देवी (पुत्री), प्रेमवती (पुत्री), पूनम (पुत्री) स्व. बलवान सैनी निवासी झील मोहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BUKRCF0 वार्ड नंबर-15 कॉलोनी झील मोहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में बलवान सैनी के नाम दर्ज है। बलवान सैनी की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तब्दील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर-3BUKRCF0 वार्ड नंबर-15 कॉलोनी झील मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अनयथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BUKRCF0 / 163 वर्ग गज लक्ष्मी पत्नी स्व. मान सिंह (पुत्रवधु), धर्मबीर (पौत्र), कर्मबीर (पौत्र), दिनेश (पौत्र), आरती (पौत्री) पुत्रान एवं पुत्रियान स्व. मान सिंह, रविंद्र सैनी (पौत्र), राजेंद्र सैनी (पौत्र) पुत्रान स्व. जयभगवान, ओमवती (पुत्री), निहाली देवी (पुत्री), प्रेमवती (पुत्री), पूनम (पुत्री) स्व. बलवान सैनी निवासी झील मोहल्ला के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, बहादुरगढ़

शहर में वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

मनमोहक झांकियां व सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोमवार को शहर के बागवाला मौहल्ला से महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भगवान वाल्मीकि जी के जीवन, शिक्षाओं और धार्मिक परंपराओं को दर्शाती मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान यहां पहुंचे नेताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित महाकाव्य रामायण मनुष्य को उसके अंतःकरण का आइना दिखाता है।

शोभायात्रा बागवाला मौहल्ला से शुरू होकर मेन बाजार, कमेटी चौक, नजफगढ़ रोड से होते हुए वापिस बागवाला मौहल्ला में संपन्न हुई। यात्रा में हनुमान, शिव पार्वती, श्री राम दरबार और भगवान वाल्मीकि की झांकियां शामिल थी। आगे-आगे चल रहा बैंड लोगों को नाचने पर मजबूर कर रहा था। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बहादुरगढ़ शाखा द्वारा भगवान वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव शहर के बाग वाला मोहल्ला में श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में इनेलो के युवा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान भगवान वाल्मीकि जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया और शहर में भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं हमें सत्य, मर्यादा, सदाचार, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने सभी से भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।


बहादुरगढ़। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि की झांकी के साथ भूपेंद्र राठी व अन्य।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, पूर्व पार्षद शशि कुमार, भावाधस शाखा प्रधान कृष्ण कुमार, बलवंत उर्फ पप्पू, उदयभान महरौलिया, केवलराम पिहवाल, विपिन, रवि महरौलिया, प्रधान राजेश बालगुहेर, होशियार सिंह, धर्मपाल, बलजीत कुमार, प्रकाश, खेमचंद भारद्वाज, मुकेश कुमार, सागर राठी, राजेश कुमार, भूप सिंह, श्याम लाल टाक, बलबीर सिंह, शेर सिंह, देवेंद्र, विनोद, सोनू टाक, चिराग वाल्मीकि, दीपांशु, नितिन बालगुहेर, वीरू वाल्मीकि, सागर, सन्नी बहोत, राजू सैनी, लोकेश सैनी, सुनील, दीपक कुमार, शांति, संतोष, राजबाला, चांदो देवी, बिमला, विद्या, राजो देवी व कृष्णा आदि उपस्थित रहे।


गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा



झज्जर। सोमवार को महाकवि रामायण रचयिता सेवा समिति एवं वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का निकाली गई। आयोजक समिति प्रधान अभिषेक उर्फ गोलू वाल्मीकि व सदस्य शिवम चावरिया ने बताया कि शहर के सिलानी गेट स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर से शुरू हुई यह शोभायात्रा त्रिमूर्ति मंदिर, भट्टी गेट, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, चौपटा बाजार से बाबा प्रसाद गिरी मंदिर, माता गेट, छारा चुंगी स्थित वाल्मीकि चौक, बेरी गेट से होते हुए वापिस मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा के आरंभ में जहां झांकी की शुरूआत की भगवान श्रीगणेश के स्वरूप से हुई वहीं आखिर में भव्य रथ पर विराजमान महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा मशहूर ब्रॉस बैंड, भगवान भोलेनाथ के साथ चलते हुए अघोरी बाबा, महाबली हनुमान, महाकाली की झांकी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

महर्षि के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान

बहादुरगढ़। शहर के किल्ला मोहल्ला में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि और युवा नेता नकुल दिनेश कौशिक ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी शिक्षाओं और विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने म कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें सदैव सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उनके विचारों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। नकुल दिनेश कौशिक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें सदैव अच्छे कार्य करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उनके विचार आज भी समाज में सामाजिक समरसता, सद्भाव और जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, नकुल चोपड़ा, अमित जून, प्रवीण बागड़ी, विनय वाल्मीकि, दीपक सैनी, कृष्ण प्रधान, रवि महरौलिया, विनोद व गोलू आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। भाजपा नेताओं का स्वागत करते आयोजक।



महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणापुंज

झज्जर। महान ग्रंथ रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को याद किया गया। वहीं जिला में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता सेवकों को सम्मानित किया गया। डीसी वर्षा खांगवाल ने अपने संदेश में कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण ने विश्व को नई दिशा प्रदान की है। उनके विचार और शिक्षाएं आज भी मानवता को सत्य, कर्तव्य, नैतिकता और मर्यादा का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में प्रकाश पुंज की तरह हैं। इस दौरान जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, सुनीता चौहान, मनीष बंसल, केशव सिंगल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

छोटूराम अखाड़े में मनाई वाल्मीकि जयंती

बहादुरगढ़। छोटूराम कुश्ती अखाड़े में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। अखाड़ा संचालक वीरेंद्र बुल्लड़ पहलवान ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बुल्लड़ ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर समाज को त्याग, मर्यादा, सत्य और आदर्शों का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज का मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा कि सभी महापुरुषों की जयंती आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनानी चाहिए। इस मौके पर अखाड़ा कोच नवीन पूनिया, साहिल, राहुल, लाला, जतिन प्रधान, नैतिक, घोलू, सूरज, गगन, सौर्य, नवीन सिवा, विवेक, युवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



अधिवक्ताओं ने किया महर्षि वाल्मीकि को नमन

झज्जर। स्थानीय बार एसोसिएशन में पहली बार महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के प्रधान अजय डागर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि को नमन किया और उनके जीवन, विचारों एवं शिक्षाओं को याद किया। वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के महान योगदान और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन समाज को समानता, भाईचारे, सद्भाव और मानवता का संदेश देता है। इस मौके पर तरुण, सावन, संजय जाखड़, प्रदीप टोकस, अर्जुन सहरावत, जीत राम खन्ना, प्रवीण जाखड़, विक्रम सिंह, चेतन सैनी, ईश्वर सिंह कादियान, मनोज सैनी, रंजीव कोडान, राजेश छिल्लर, सुनील झाड़ली, जितेंद्र खत्री, सुखबीर कादियान, धर्मपाल, संदीप यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। शिलान्यास करने उपरांत उपस्थित सांसद दीपेंद्र हुड्डा एवं अन्य।

भगवान वाल्मीकि के आदर्श अपनाने का आह्वान

बहादुरगढ़। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने सोमवार को कई स्थानों पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। आयोजकों द्वारा डॉ पंकज जैन का स्वागत करने के साथ ही स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, शिक्षाओं और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। डॉ पंकज जैन ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें सत्य, ज्ञान, सदाचार और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाता है। उनकी रचना रामायण जीवन में मर्यादा, कर्तव्य, त्याग, प्रेम और नैतिकता का संदेश देने वाला महान ग्रंथ है। उनके विचार हमें सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और समानता की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।


बहादुरगढ़। विधायक को स्मृति चिह्न भेंट करते पार्षद राजेश मकड़ोली व अन्य।

पूर्व विधायक ने कार्यक्रमों में शिरकत की

बहादुरगढ़। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शहर के वार्ड-3 स्थित कमल विहार और गांव नूना माजरा में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कमल विहार में पार्षद राजेश मकड़ौली की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नरेश कौशिक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा और मानवता का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समानता, सामाजिक समरसता व आपसी सद्भाव की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर पार्षद अशोक शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंगल, हरिमोहन धाकरे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और वार्डवासी मौजूद रहे। वहीं, गांव नूना माजरा में आयोजित कार्यक्रम में कौशिक ने ग्रामीणों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दीं।


सांसद ने वाल्मीकि भवन के निर्माण का किया शिलान्यास

झज्जर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में भगवान वाल्मीकि भवन शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने भगवान वाल्मीकि को नमन करते हुए सभी को रामायण महाकाव्य के रचयिता आदि कवि भगवान वाल्मीकि की जयंती पर बधाई दी। उन्होंने सभी हरियाणावासियों को न्योता दिया कि वे एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दुरुपयोग और वोट चोरी से बनी सरकार के खिलाफ लड़ाई का बिगुल बज चुका है। इस दौरान विधायक गीता भुक्कल, विधायक कुलदीप वत्स, जिलाध्यक्ष संजय यादव, सुभाष गुर्जर, अभिषेक उर्फ गोलू सहित अन्य भी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डॉ. पंकज जैन।

विधायक ने किया महर्षि वाल्मीकि को नमन

बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित विभिन्न जयंती कार्यक्रमों में शिरकत कर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना की। आयोजकों ने विधायक का स्वागत करते हुए महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी महान रचनाओं और विचारों से समाज को सत्य, धर्म, सदाचार और मानवता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलने, सदाचार अपनाने और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने नूना माजरा में निर्माणाधीन श्री वाल्मीकि मंदिर के लिए 21 हजार रुपए दान स्वरूप भेंट किए। शहर के बाग वाला मौहल्ला में हुए कार्यक्रम में भी विधायक ने 21 हजार रुपए की सहयोग राशि दी।


बहादुरगढ़। भगवान वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित करते नरेश कौशिक।

मुंबई में सम्मानित हुए बालकिशन

बहादुरगढ़। नशामुक्ति, योग व प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई वर्षों से कार्य कर रहे बालकिशन तंवर मुंबई में सम्मानित हुए हैं। नवी मुंबई के खारघर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें आईईए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। यह सम्मान सामूहिक योग, नशामुक्ति जागरूकता मानव श्रृंखला और संकल्प अभियान में भागीदारी के लिए दिया गया। तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में तंवर ने नशामुक्ति एवं प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर व्याख्यान भी दिया। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण में परिवार, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और सामाजिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

डॉ. मंजीत को मिला विलक्षणा समाज सारथी सम्मान


बहादुरगढ़। डॉ. मंजीत को सम्मानित करते पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजीत को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विलक्षणा समाज सारथी सम्मान से नवाजा गया गया। रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया। विलक्षणा एक सार्थक पहल समिति तथा हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपराओं और लोककलाओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने डॉ. मंजीत को यह सम्मान दिया। हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को इस सम्मान के माध्यम से सराहा गया।


बहादुरगढ़। पोस्टर स्लोगन दिखाती स्वयंसेविकाएं और प्रिंसिपल।

स्वयंसेविकाओं ने बनाए पोस्टर-स्लोगन

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने आकर्षक पोस्टर एवं प्रभावशाली स्लोगन तैयार किए। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि को भावपूर्ण नमन करते हुए उनके महान आदर्शों, जीवन मूल्यों और शिक्षाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन सामाजिक परिवर्तन, मानवीय गरिमा और आत्मपरिवर्तन का सशक्त संदेश देता है। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टरों व स्लोगनों के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक चेतना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। वाल्मीकि की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

महर्षि वाल्मीकि ने सामाजिक समरसता समानता व संस्कारों का दिया संदेश: धनखड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनकी अमर कृति रामायण हमें सत्य, धर्म, सदाचार एवं मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनके विचार सामाजिक समरसता, समानता और संस्कारों के आदर्शों को सुदृढ़ करते हैं। पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़ ने वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व पर क्षेत्र के गांव लाडपुर में महर्षि वाल्मीकि मंदिर के भूमि पूजन समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों पहले उनके द्वारा लिखी गई रामायण की महत्ता बढ़ती ही जा रही है। रामायण में हमें त्याग और सेवा का संदेश देती है। जब भगवान श्रीराम को 14 वर्ष वनवास जाना पड़ा तो अपना सिंहासन छोटे भाई भरत को सौंप दिया। भरत ने भी अपने बड़े भाई राम की खड़ाऊ रखकर अपने राज्य की सेवा करता रहा। वनवास केवल राम को मिला था,लेकिन लक्ष्मण ने पूरे वनवास के दौरान अपने बड़े भाई राम की सेवा की। भाई के लिए भाई का ऐसा त्याग इतिहास में कही भी नहीं मिलेगा। ये सनातनी परम्परा है, जिस पर हमें गर्व है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, पूर्व चेयरमैन लीलू पहलवान,समिति प्रधान रवि, मनीष बंसल, मंगल गुलिया सहित अन्य भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

गुलाब सिंह बने अल्ट्रा दौड़ के ओवरऑल विजेता, कृष्णा राणा सहित अन्य धावकों ने भी जीते खिताब

कोटा, अरावली व एमईटी में जीते बीआरजी के धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजस्थान के कोटा के साथ ही हरियाणा की अरावली और एमईटी में हुई स्पर्धाओं में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। भट्टी लेक्स अल्ट्रा की 160 किलोमीटर चुनौतीपूर्ण दौड़ में गुलाब सिंह ने ओवरऑल जीत हासिल की। राजस्थान के कोटा में कृष्णा राणा ने अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर 11 हजार रुपये और साइकिल जीती। मेट सिटी हाफ मैराथन में अजीत योगी, आरके मोर और ललिता पांडे ने अपनी आयु श्रेणियों में पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली–फरीदाबाद क्षेत्र की अरावली पर्वतमाला में हुई भट्टी लेक्स अल्ट्रा 2026 में बीआरजी के गुलाब सिंह ने 160 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण दौड़ 20 घंटे 39 मिनट में पूरी कर ओवरऑल विजेता का खिताब जीता। राजस्थान के कोटा में हुई यंगाथॉन में बीआरजी की वरिष्ठ धाविका कृष्णा राणा ने 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उन्हें 11 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि और एक साइकिल देकर सम्मानित किया गया। रिलायंस की मेट सिटी हाफ मैराथन में बीआरजी के अजीत योगी ने 21 किलोमीटर दौड़ के 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ धावक आरके मोर ने 21 किलोमीटर के 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया।


बहादुरगढ़। जीत के बाद खुशी जाहिर करते गुलाब सिंह।


बहादुरगढ़। कृष्णा राणा।

ललिता पांडे ने 21 किलोमीटर दौड़ में मारी बाजी

ललिता पांडे ने 21 किलोमीटर दौड़ के 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोहताश कुमार ने 10 किलोमीटर दौड़ के 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। नरेंद्र जांगड़ा ने 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पांचवां स्थान हासिल किया। संदीप, धर्मवीर, धर्मवीर सैनी, हितेश, उमा पांडे, नवीन राणा, दिनेश पांचाल, एकता और नरेंद्र ने भी दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने सभी विजेताओं और दौड़ पूरी करने वाले सदस्यों को बधाई दी।